K18U 0578

Reg. No. : ....

Name : ....

II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (C.B.C.S.S. – Reg./Supple./Imp.) Examination, May 2018

COMMON COURSE IN HINDI

2A08 – 1 HIN : Sampreshaneey Hindi (2014 Admn. Onwards)

Time : 3 Hours Marks. : 40

I. **निर्देश :** कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) आधुनिक जीवन में संचार माध्यमों की भूमिका पर एक निबंध तैयार कीजिए ।

2) भूमंडलीकरण का विस्तृत परिचय दीजिए ।

II. **निर्देश :** कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) पुरस्कार प्राप्त कवयित्री से भेंटवार्ता तैयार कीजिए ।

4) संकेत बिंदुओं के आधार पर कहानी लिखिए ।

एक बूढ़ी औरत – जवान बेटा मर गया – भगवान बुद्ध के पास गई – बेटे को जीवित करने की प्रार्थना की – बुद्ध का शर्त – किसी घर से एक मुट्ठी चावल लाना जहाँ किसी की मृत्यु न हुई हो – औरत घर घर गई – कोई भी ऐसा घर नहीं मिला – वापस पहूँची – चरणों में गिरकर क्षमा माँगी – जन्म होने पर मृत्यु भी –

III. **निर्देश :** किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए । **(3×3=9)**

5) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

Birbal was one of the ministers of Akbar. The emporer was very much pleased with him. He always kept Birbal with him. Do you know how much sad the king was on the death of Birbal ? He talked to nobody for seven days. Birbal was so wise that he gave proper answer of every question readily. He used to help the emporer in every difficulty. Whenever the emporer was sad, Birbal entertained him.

P.T.O.

6) **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए ।

इक्कीसवीं सदी की ओर अग्रसर विज्ञानी मानव अनेक अभिशापों से ग्रसित है । बेरोज़गारी उनमें से एक भयंकर अभिशाप है । वर्तमान आर्थिक युग में जीविकोपार्जन ही मनुष्य के जीवन का लक्ष्य रह गया है । किसी देश में कम से कम बेरोज़गारों का होना वहाँ की आर्थिक प्रगति और विकास का परिचायक होता है । जब जनसंख्या की वृद्धि आर्थिक विकास वृद्धि से अधिक हो जाती है, तब बेराज़गारी का उदय होता है । बरोज़गरी का अर्थ काम के अवसरों का कमी है।

7) आनेवाली छुट्टियों में आप के शहर में आने का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए ।

8) घटिया माल भेजने पर बिजली उपकरणों के विक्रेता के नाम पर एक शिकायती पत्र लिखिए ।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों के **अंग्रजी** में अनुवाद कीजिए ।

1) लाभांश, दलाल, थोक विक्रेता, निर्यात ।

2) अनुमान, शुल्क, भण्डार, अभिज्ञान ।

3) आयात, अनुदान, गैरकानूनी, संपर्क अधिकारी ।

4) नामांकन, अभिलेख, पारिश्रमिक, राजस्व ।

5) लाभदायक, अनुपात, परिवहन, जलयात्रा ।

6) राशिचक्र, करमुक्त, अग्रिम, मुद्रास्फिती ।

10) निम्नलिखित शब्दों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए ।

1) Abbreviation, Affiliated, Auction, Consignment.

2) Cooperative, Dealer, Document, Expansion.

3) File, Establishment, Graduate, Grant.

4) Lease, Increment, Investigation, Legal action.

5) Loan, Nominee, Organisation, Parliament.

6) Royalty, Sample, Reference, Tabulation.

11) बाज़ार में आये नए साबुन के लिए उचित विज्ञापन तैयार कीजिए ।

12) संक्षेपण लिखिए ।

कवि का काम है कि वह प्रकृति के विकास को खूब ध्यान से देखें । प्रकृति की लीला का कोई ओर छोर नहीं, वह अनंत है । प्रकृति अद्‌भुत खेल खेला करती है । एक छोटे से फूल में वह अजीब कौशल दिखलाती है । वे साधारण जन के ध्यान में नहीं आते । वे उनकी समझ में नहीं आ सकते, पर कवि अपनी सूक्ष्म दृष्टि से प्रकृति के कौशल अच्छी तरह देख लेता है, उनका वर्णन भी करता है । उनसे नाना प्रकार की मुद्रायें भी वह ग्रहण करता है और संसार को लाभ भी पहूँचाता है। जिस कवि में प्रकृति के कौशल को देखने और समझने की शक्ति अधिक होती है, वह महान कवि होता है ।

V. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) सर्वनाम क्या है ? कितने भेद हैं ?

14) कारक क्या है ?

15) विशेषण के भेद क्या-क्या हैं?

16) भाव वाच्य क्या है ? उदाहरण लिखिए ।

17) उपसर्ग क्या है ?

18) 'उँगली पर नचाना' मुहावरा का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

19) 'चक्र' शब्द का अनेकार्थक शब्द लिखिए ।

20) 'भँवरा' शब्द का एकार्थक शब्द लिखिए ।

21) लडकों से कहानियाँ पढ़े जाते हैं । (शुद्ध कीजिए)

22) कल हमने आपकी कार लौटाएँगे । (शुद्ध कीजिए)